Volume:1 Issue:11 April2016

# E-newsletter

(Monthly Publication)

# Kanpur Municipal Corporation

संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)
श्री जवाहर राम
महाप्रबंधक,जलकल

मुख्य सम्पादक

इं० सुरेश चंद
प्रभारी आई०टी०

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी

## 1 -कार्यकारिणी की बैठक




शहर के विकास कार्यो में तेजी लाने हेतु दिनांक **27.04.2016** को कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया गया | जिसमे माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण एवं प्रभारी नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता ,अपर नगर आयुक्त द्वितीय श्री राकेश कुमार गुप्ता, समस्त जोनल अधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति के पार्षदों ने प्रतिभाग किया | कार्यकारिणी की बैठक में प्रमुख रूप से 2016-17 वित्तीय वर्ष के बज़ट पर चर्चा की गयी | चूकि बजट पारित न होने से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन/पेंशन एवं अन्य भुगतान प्रभावित होंगे। अतः कार्यसूची के अनुसार सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2016-17 के मूल बजट पर विचार कर लिया जाये। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रभारी नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता को वित्तीय वर्ष 2016-17 का मूल बजट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये | जिसमे नगर निगम का इस वित्तीय वर्ष के लिए **18** अरब **45** करोड़ **87** लाख **97** हज़ार रु का बज़ट पास किया गया एवं जलकल का **138.83** करोड़ का बज़ट पास किया गया| ताकि शहर के विकास कार्यो में तेज़ी लाई जा सके और उन कार्यो में पारदर्शिता से काम कार्य कराया जा सके | कार्यकारिणी द्वारा जो प्रमुख प्रस्ताव पारित किये गये वे निम्न है |

- सभी वार्डो में दो-दो हैण्डपम्प लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया |
- सभी वार्डो में **05-05** सोडियम लाईट लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया |

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in, Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

## 2- नये नगर आयुक्त का आगमन



श्री उमेश प्रताप सिंह, पीसीएस द्वारा दिनांक 23.04.2016 को कानपुर नगर के नये नगर आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया गया तत्कालीन नगर आयुक्त श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा को मेरठ के नगर आयुक्त पद पर स्थानांतरित हुये श्री उमेश प्रताप सिंह 1997 बैच के पीसीएस अधिकारी है एवं इससे पूर्व प्रदेश के कई नगरो कानपुर, बरेली के नगर आयुक्त के कर्तव्यों का निर्वाहन कर चुके है आपकी शैक्षणिक योग्यता बीए है आगमन पर नगर आयुक्त जी ने कहा कि कानपुर शहर उनके के लिए नया नहीं है साफ सफाई, नाला सफाई ,कूड़े के निस्तारण एवं नगर को हरा भरा किये जाने के साथ ही मार्गो की मरम्मत एवं अन्य जन सुविधाओं को विकसित करने पर विशेष जोर दिया जायेगा ।

## 3 - सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण द्वारा 30.04.16 को सेवा निवृत्त हुए 06 कर्मचारियों को माला पहनाकर ,उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शॉल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आशीर्वचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के सम्मानित पार्षदगणों के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।*

## 3. सफाई अभियान



## 4. अतिक्रमण अभियान



